पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

राजभवन में हर्षोल्लास से मनाया गया राखी का त्यौहार

कच्चे धागों से राजभवन में बने नये रिश्ते

राखी के त्यौहार पर राज्यपाल ने दिये बच्चों को उपहार

लखनऊः 31 अगस्त, 2023

रक्षाबंधन के पावन पर्व पर आज राजभवन में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से परम शक्ति पीठ वात्सल्य ग्राम वृंदावन, मथुरा की 35 बेटियों ने 6 स्वयं सेवकों के साथ मुलाकात की और बच्चों ने राज्यपाल जी को राखी बांधी। इस अवसर पर प्रजापिता ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय लखनऊ की ब्रह्म कुमारी राधा बहन ने अपने 5 अन्य ब्रह्म कुमारी के साथ राज्यपाल जी को राखी बांधी।

इसी क्रम में उम्मीद संस्था के 15 बच्चों व 7 पदाधिकारियों, साक्षी फाउण्डेशन कानपुर की सुश्री साक्षी विद्यार्थी, सुश्री गीता विद्यार्थी एवं कैप्टन एस0सी0 विद्यार्थी, सन्त विनोबा आश्रम वरतारा, शाहजहांपुर की विमला बहन व रमेश भईया को भी राज्यपाल जी ने राखी बांधी।

राज्यपाल जी ने प्रदेश के मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डा0 सुधीर महादेव बोबडे सहित राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों व उनके 32 बच्चों को भी राखी बांधी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि रक्षाबंधन सिर्फ त्यौहार नहीं बल्कि एक संस्कार है जो जीवन में रिश्तों के महत्व को समझाता है।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने सभी बच्चों को पठन–पाठन सामग्री व मिष्ठान भी वितरित किये तथा परम शक्ति पीठ वात्सल्य ग्राम वृंदावन, मथुरा के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

———

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन
सम्पर्क सूत्र–9453005360